पंजाब केसरी 25/02/2026

डिजिटल साक्षरता के साथ डिजिटल सुरक्षा की समझ भी अत्यंत आवश्यक : डॉ. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई साइबर फ्रॉड जागरूकता संगोष्ठी

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में साइबर फ्रॉड जागरूकता पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 24 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए साइबर फ्रॉड जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल सुरक्षा से संबंधित आवश्यक और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

अपने संदेश में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वर्तमान समय पूर्णतया डिजिटल युग है, जहां जीवन के लगभग सभी क्षेत्र इंटरनैट से जुड़े हैं। इसलिए डिजिटल साक्षरता के साथ डिजिटल सुरक्षा की समझ भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक करना, निजी जानकारी साझा करना या बिना सत्यापन किसी कॉल पर विश्वास करना गंभीर परिणाम दे सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार और सजग डिजिटल नागरिक बनाना भी है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संदीप कौशिक ने अपने संबोधन में डिजिटल सुरक्षा के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए मजबूत पासवर्ड के उपयोग, 2-फैक्टर ऑथैंटिकेशन अपनाने तथा सुरक्षित ऑनलाइन लेन-देन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार साइबर अपराधी लोगों को विभिन्न तरीकों से अपने जाल में फंसाते हैं और उनसे सतर्क रहने के उपाय भी साझा किए।

शिखा शर्मा ने साइबर अरेस्ट जैसी उभरती धोखाधड़ी की प्रवृत्ति को लेकर सचेत किया कि किस प्रकार अपराधी स्वयं को पुलिस या सरकारी अधिकारी बताकर लोगों को भयभीत करते हैं और धन उगाही का प्रयास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि ऐसे किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश की स्थिति में घबराने के बजाय आधिकारिक माध्यमों से सत्यापन करें तथा संबंधित साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इस अवसर पर कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन कौर, सहायक प्राध्यापक भारती शर्मा तथा हर्षिता लांबा भी उपस्थित रहीं।